**हिमाचलप्रदेशस्कूलशिक्षाबोर्ड धर्मशाला–176215**

क्रमांकः हि०शि०बो०(37) D.El.Ed/ COUNSELLING/2025-642-649 दिनांकः 26-7-2025

## "अधिसूचना"

अधिसूचित किया जाता है कि D.El.Ed. CET 2025 की मैरिट के आधार पर हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित दो वर्षीय Diploma in Elementary Education सत्र 2025-2027 के लिए सरकारी DIET एवं निजी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों में प्रवेश हेतु सीट आवंटन के लिये Counselling प्रक्रिया **दिनांक 04-08-2025 से दिनांक 14-08-2025 तक प्रातः 10:00 बजे** से **बोर्ड मुख्यालय धर्मशाला में** आयोजित करवाई जा रही है। Counselling प्रक्रिय हेतु मैरिट के अनुसार चयनित अभ्यर्थियों की तिथिवार सूची बोर्ड़ बेवसाइट www.hpbose.org पर प्रकाशित कर दी गई है। कौंसलिग में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को निर्देश दिए जाते हैं कि वे बोर्ड वैबसाईट पर उपलब्ध मैरिट सूची एवं दिशा निर्देशों के अनुसार निर्धारित तिथि पर कौंसलिंग हेतु बोर्ड़ मुख्यालय धर्मशाला पहुंचें। अभ्यर्थियों को अपने शैक्षिणिक प्रमाण पत्रों (दसवीं व जमा दो), हिमाचली मूल निवास प्रमाण पत्र तथा अरक्षित श्रेणी/उप श्रेणी से सम्बन्धित प्रमाण पत्रों एवं आवश्यक शपथ पत्रों की मूलप्रति व सत्यापित छाया प्रतियां के साथ बोर्ड़ वैबसाईट पर उपलब्ध BIO DATA FORM की प्रति को भर कर लाना होगा। EWS, OBC , Ward of Ex – Serviceman श्रेणी के अभ्यर्थियों को निर्धारित नमूने के अनुसार सक्षम अधिकारी से सत्यापित/जारी Affidavit अथवा प्रमाणपत्र जमा करवाया जाना अनिवार्य होगा। सीट आवंटन के समय पर अभ्यर्थी के वांछित संस्थान में सीट उपलब्ध होने पर ही मैरिट के आधार पर अभ्यर्थी को केवल एक बार सीट आवंटित की जायेगी, इसलिये अभ्यर्थियों को वांछित संस्थान का चुनाव सीट की मांग करने के पूर्व सुनिश्चित करना होगा। अधिक जानकारी के लिए दूरभाष न0 01892-242192 पर भी सम्पर्क कर सकते हैं।

(डॉ0मेजर विशाल शर्मा,HAS)
सचिव

पृ0 संख्या: यथोपरि–

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा हिमाचल प्रदेश सरकार।
2. निदेशक स्कूल शिक्षा, हिमाचल प्रदेश सरकार।
3. समस्त उप–सचिव, सहायक सचिव, अनुभाग अधिकारी, हि0प्र0 स्कूल शिक्षा बोर्ड
4. प्रभारी, कम्प्यूटर सैल एवं डाटा सैंटर को इस आश्य से प्रेषित है कि अधिसूचना, कौंसलिंग प्रक्रिया में चयनित अभ्यर्थियों की तिथिबार सूची और BIO DATA FORM. INSTRUCTION/ GUIDELINES को बोर्ड की वैबसाईट पर अपलोड करने बार आवश्यक कार्यवाह करें।
5. आशुलिपिक, माननीय अध्यक्ष व सचिव महोदय।
6. प्रभारी, लोक सम्पर्क हि0प्र0 स्कूल शिक्षा बोर्ड को इन निर्देशों के साथ प्रेषित है कि वह इस अधिसूचना को समाचार पत्रों के माध्यम से प्रसारित करें।
7. रक्षक संचिका।

(डॉ0मेजर विशाल शर्मा,HAS)
सचिव